09-11-2026_Layout 1 09-11-2026 23:53 Page 1



jalandharcitylive.com | jalandharcitylive | jalandharcitylive | jalandharcitylive

जालंधर

24 घंटे 365 दिन सिटी लाइव न्यूज

अनमोल वचन

"जब मनुष्य का मन शांत होता है, तभी वह सच्ची खुशी पाता है।"

वर्ष:5 | अंक : 281 | पृष्ठ:4 | मूल्य: 5 रुपये | जालंधर, मंगलवार 10 नवम्बर, 2026 | संपादक: रमेश चन्द्र नेय्यर: 9855559913



खुशियों का त्योहार दर्दनाक हादसों में तब्दील

दिवाली पर देशभर में आग का तांडव, 22 लोगों की मौत, एमपी में सबसे ज्यादा 12 की गई जान, 12 लोगों की मौत, इनमें 5 महिलाएं, 3 पुरुष और 4 बच्चे भी शामिल

जालंधर सिटी लाइव

दिवाली की रात देश के कई शहरों में खुशियों का त्योहार दर्दनाक हादसों में बदल गया। पटाखों और अन्य कारणों से लगी आग की अलग-अलग घटनाओं में 22 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हुए हैं और कुछ अब भी लापता बताए जा रहे हैं। सबसे ज्यादा तबाही मध्य प्रदेश में हुई, जहां दो अलग-अलग मकानों में आग लगने से 12 लोगों की जान चली गई। महाराष्ट्र के धाराशिव जिले में किराने की दुकान के ऊपर बने मकान में आग लगने से एक ही परिवार के 6 लोगों की मौत हो गई। वहीं, मुंबई के लोखंडवाला इलाके में आग लगने से एक व्यक्ति की जान चली गई। राजस्थान के पाली में पटाखों की दुकान में आग लगने से 2 लोगों की मौत हो गई, जबकि 3 लोग लापता हैं। हादसे में तीन दुकानें और कई दोपहिया वाहन जलकर राख हो गए। उधर, दिल्ली के नरेला में पटाखे का रॉकेट लगने से 10 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। इन सभी घटनाओं के बाद दमकल विभाग और पुलिस की टीमें राहत एवं बचाव कार्य में जुटी रहीं। दिवाली की रात हुई इन घटनाओं ने कई परिवारों की खुशियों को मातम में बदल दिया। मध्य प्रदेश के कटनी



जिले में एक मकान में आग लगने से एक ही परिवार के 6 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में 3 बच्चे शामिल हैं। इनमें एक बच्चा महज 2 महीने का था। वहीं, सिवनी जिले के छपारा में एक सराफा व्यापारी के मकान में आग लगने से 6 लोगों की जान चली गई। मृतकों में 16 साल का एक किशोर भी शामिल है। दोनों घटनाओं में कुल 12 लोगों की मौत हुई है, जिनमें 5 महिलाएं, 3 पुरुष और 4 बच्चे बताए गए हैं। महाराष्ट्र के धाराशिव जिले में मकान में आग से एक ही परिवार के 6 लोगों की मौत हो गई। मुंबई के लोखंडवाला में आग की घटना में एक व्यक्ति की जान चली गई। महाराष्ट्र के पुणे में आग लगने की 63 घटनाएं सामने आईं। नागपुर में टीवीएस शोरूम में कई दोपहिया वाहन जल गए। मुंबई के डोंगरी इलाके में कई दुकानें और झुग्गियां जल गईं। वहीं, ठाणे की 17 मंजिला इमारत में आग लगने की घटना सामने आई।

जम्मू से पुणे तक आग की हुईं कई घटनाएं

जम्मू के नेहरू मार्केट में एक गोदाम में आग लगने से 12 से ज्यादा दुकानें जल गईं। वहीं, उत्तर प्रदेश के बांदा में कबाड़ की दुकान में आग लगने से करीब 20 से 25 लाख रुपये का सामान जलकर राख हो गया। इसके अलावा असम के जोनाई, पुणे के वडगांव शेरी, मुंबई के विद्याविहार, सिक्किम के गंगटोक में सरकारी आवास और गाजियाबाद के क्रॉसिंग रिपब्लिक इलाके में भी आग लगने की घटनाएं हुईं।

दिवाली की खुशियां हादसों में बदलीं

पटाखे फोड़ते समय 35 से अधिक लोग झुलसे

जालंधर सिटी लाइव

छतरपुर (मध्य प्रदेश), दिवाली का त्योहार मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में कई परिवारों के लिए दर्दनाक याद बन गया। पटाखे फोड़ते समय हुए अलग-अलग हादसों में कम से कम 35 लोग झुलस गए। घायलों में बच्चे, बुजुर्ग और अन्य उम्र के लोग शामिल हैं।



सभी को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जिला अस्पताल के चिकित्सक डॉ. राजेश मिश्रा के अनुसार, दिवाली के दौरान पटाखों और बारूद से जलने के करीब 35 से 40 मामले अस्पताल पहुंचे। कुछ लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई, जबकि अन्य का इलाज जारी है। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, कई हादसों की वजह पटाखे जलाते समय सावधानी नहीं बरतना और बच्चों की निगरानी में कमी रही। घटना के बाद एक बार फिर पटाखों के इस्तेमाल के दौरान सुरक्षा नियमों का पालन करने की जरूरत सामने आई है। गौरतलब है कि दिवाली से पहले मुख्यमंत्री मोहन यादव ने अधिकारियों को प्रतिबंधित पटाखों और खतरनाक आतिशबाजी पर रोक लगाने के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद हुए हादसों ने सुरक्षा व्यवस्था और जागरूकता पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

अचानक गर्दन के पास फटा पटाखा, बच्चे की मौत



- नई आबादी, अकालगढ़ में चाचा के घर पर परिवार के साथ पहुंचा था गगन
- दोबारा पटाखा चलाने के लिए पास गया गगन तो अचानक धमाका हो गया
- परिजन उसे तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टर उसे बचा नहीं सके

जालंधर सिटी लाइव

पंजाब में दिवाली की रात पटाखा चलाते समय एक दर्दनाक हादसा हो गया। नई आबादी, अकालगढ़ में अपने चाचा के घर परिवार के साथ पहुंचे गगन की पटाखे में हुए जोरदार धमाके से मौत हो गई। पटाखा बच्चे की गर्दन के पास फटा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद परिवार में अफरा-तफरी मच गई। परिजन उसे तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टर उसे बचा नहीं सके। जानकारी के मुताबिक, दीपावली की रात करीब 9 बजे गगन के पिता सुरेश कुमार अपने परिवार के साथ नई आबादी, अकालगढ़ स्थित अपने बड़े भाई के घर माथा टेकने पहुंचे थे। इस दौरान बच्चे घर की छत पर पटाखे चला रहे थे। इसी बीच गगन ने एक पटाखे को आग लगाई, लेकिन वह नहीं चला। कुछ देर बाद जब वह दोबारा पटाखा चलाने के लिए उसके पास गया तो अचानक धमाका हो गया।

मिस्र में दो ट्रेनों की भीषण टक्कर

बोगियों के उड़े परखच्चे, सात यात्रियों की मौत, 125 घायल

जालंधर सिटी लाइव

मिस्र। गीजा प्रांत के अल-अय्यात इलाके में रविवार को दो यात्री ट्रेनों के बीच भीषण टक्कर हो गई। रेलवे प्राधिकरण के अनुसार, गीजा से फयूम जा रही एक ट्रेन ने काहिरा से असवान की ओर जा रही दूसरी ट्रेन को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में कई डिब्बे पटरी से उतर गए और कुछ पलट गए। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि दुर्घटना में सात लोगों की मौत हुई है, जबकि 125 लोग घायल हुए हैं। घायलों को आसपास के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। प्रत्यक्षदर्शी अब्देल वाहेद मोहम्मद (31) ने बताया कि वह पास के एक कैफे में बैठे थे। इसी दौरान असवान जा रही ट्रेन रुकी हुई थी और पीछे से आ रही फयूम जाने वाली ट्रेन ने उसे टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि दुर्घटना दोपहर करीब 1:30 बजे हुई और छह डिब्बे पलट गए। घायलों में कई लोगों के सिर में चोटें आई और कुछ के हाथ-पैर टूट गए। एक अन्य प्रत्यक्षदर्शी अहमद मूसा (25) ने बताया कि बचावकर्मियों ने पलटे हुए



डिब्बे के नीचे से यात्रियों को निकालने के लिए खुदाई की। उन्होंने कहा कि डिब्बे के अंदर कई लोग एक-दूसरे के ऊपर गिरे हुए थे। उन्होंने मृतकों में दो महिलाओं को भी देखा। एक अन्य स्थानीय निवासी ताहा अब्देल तवाब ने बताया कि उन्होंने एक युवक को ट्रेन से अपने मृत पिता का शव लेकर बाहर निकलते देखा। टक्कर के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। गांव के लोगों, रेलवे कर्मचारियों और बचावकर्मियों ने मिलकर डिब्बों में फंसे यात्रियों को निकालने की कोशिश की। घटनास्थल की तस्वीरों में कई यात्री डिब्बे पटरियों और आसपास के खेतों में बिखरे दिखाई दिए। एक डिब्बा रेलवे तटबंध के पास करवट लेकर पड़ा था, जबकि दूसरा टक्कर की वजह से बुरी तरह फट गया था। उसके भीतर की सीटें टूटकर बिखर गई थीं और लोहे के हिस्से मुड़ गए थे। बचावकर्मियों ने क्रेन और भारी मशीनों की मदद से पलटे हुए डिब्बों को सीधा किया। एंबुलेंस के जरिए घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। बचाव अभियान देर शाम तक जारी रहा। मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी ने हादसे पर गहरी चिंता जताई है।

डॉलर के मुकाबले 93.69 तक पहुंचा रुपया, छह महीने के उच्चतम स्तर को छुआ



मुंबई/नई दिल्ली । भारतीय मुद्रा बाजार से सोमवार को राहत भरी खबर सामने आई। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया कारोबार के दौरान 93.69 के स्तर तक पहुंच गया, जो पिछले छह महीनों का उच्चतम स्तर है। हालांकि, दिन के अंत में रुपये की तेजी कुछ कम हुई और यह 93.9275 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। पिछले कारोबारी सत्र में रुपया 93.9050 पर बंद हुआ था। विदेशी मुद्रा बाजार के जानकारों के मुताबिक, अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से भारतीय रुपये को समर्थन मिला है। भारत अपनी तेल जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात करता है, इसलिए तेल सस्ता होने से डॉलर की मांग और आयात बिल पर दबाव कम हो सकता है। भारतीय शेयर बाजार में विदेशी संस्थागत निवेशकों की खरीदारी ने भी रुपये को सहारा दिया। इसके अलावा अमेरिका और ईरान के बीच तनाव कम होने तथा बातचीत की संभावनाओं से अंतरराष्ट्रीय बाजार में सकारात्मक माहौल बना है।

अवैध रूप से यूरोप जा रहे सेनेगल तट के पास प्रवासियों से भरी नाव डूबी

कम से कम 34 लोगों की मौत, राष्ट्रपति ने की सुरक्षित रहने की अपील

जालंधर सिटी लाइव

डकार (सेनेगल)। सेनेगल के तट के समीप अवैध रूप से यूरोप जा रहे प्रवासियों से भरी एक लकड़ी की नौका पलटने से कम से कम 34 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। सेनेगल की आधिकारिक समाचार एजेंसी (एपीएस) ने गृह मंत्रालय के सूत्रों के हवाले से इस भीषण हादसे की पुष्टि की है। राहत व बचाव कर्मियों ने अब तक एक व्यक्ति को जीवित बाहर निकाला है, जबकि नाव पर सवार कई अन्य लोग अब भी लापता बताए जा रहे हैं। डकार और सेंट लुई के बीच हुआ हादसा कैनरी द्वीप समूह की ओर थी यात्रा- लकड़ी से बनी यह छोटी नाव राजधानी डकार और उत्तरी शहर सेंट लुई के बीच गहरे समुद्र में संतुलन बिगड़ने के कारण पलट गई। यह नौका स्पेन के कैनरी द्वीप समूह की ओर जा



रही थी, जो पश्चिमी अफ्रीकी प्रवासियों के लिए यूरोप में प्रवेश का एक प्रमुख मार्ग माना जाता है।

मृतकों की पहचान: सेनेगल में प्रवासियों की सहायता करने वाले संगठन 'बोज़ा फी' के संस्थापक सालिउ दियूफ ने समाचार एजेंसी एएफपी को बताया कि अब तक समुद्र से निकाले गए सभी 34 शव सेनेगल के नागरिकों के हैं। नाव में अन्य देशों के कितने नागरिक सवार थे, इसकी सटीक जानकारी जुटाई जा रही है।

वॉकिंग बॉर्डर्स की रिपोर्ट: स्पेन के प्रवासी अधिकार संगठन 'वॉकिंग बॉर्डर्स' के अनुसार, कैनरी द्वीप समूह की ओर जाने वाला अटलांटिक समुद्री मार्ग दुनिया के सबसे खतरनाक रास्तों में से एक है। संगठन के आंकड़ों के मुताबिक, जनवरी से मई 2026 के बीच ही इस समुद्री मार्ग पर कम से कम 635 लोगों की जान जा चुकी है।

चिंताजनक औसत: रिपोर्ट के अनुसार, समुद्र के रास्ते कैनरी द्वीप समूह पहुंचने का प्रयास करने वाले हर 100 प्रवासियों में से औसतन 21 लोगों की यात्रा के दौरान डूबने या भुखमरी से मौत हो जाती है।

राष्ट्रपति बासिरू दियोमाये फ़ाये ने जताया शोक

सेनेगल के राष्ट्रपति बासिरू दियोमाये फ़ाये ने इस त्रासद घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए शोकाकुल परिवारों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की हैं। उन्होंने देश के युवाओं और नागरिकों से भावुक अपील करते हुए कहा कि वे बेहतर भविष्य की चाह में इन अवैध और जानलेवा समुद्री रास्तों पर अपनी जिंदगी को दांव पर न लगाएं। तटरक्षक बलों द्वारा लापता प्रवासियों की तलाश में व्यापक सर्च ऑपरेशन जारी है।

श्री विश्वकर्मा मंदिर सभा मोरिंडा की ओर से विश्वकर्मा दिवस श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया

- पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी और नगर कौंसिल कुराली के प्रधान बहादुर सिंह ओके का किया विशेष सम्मान

जालंधर सिटी लाइव

मोरिंडा। श्री विश्वकर्मा मंदिर सभा मोरिंडा की ओर से भगवान श्री विश्वकर्मा जी का पावन विश्वकर्मा दिवस श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में धार्मिक समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र की विभिन्न प्रमुख हस्तियों ने



शिरकत की। समारोह के दौरान पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी और नगर कौंसिल कुराली के प्रधान बहादुर सिंह ओके विशेष रूप से पहुंचे। इस मौके पर श्री विश्वकर्मा मंदिर सभा मोरिंडा की प्रबंधक कमेटी की ओर से दोनों प्रमुख हस्तियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभा के प्रधान और समूची प्रबंधक कमेटी के सदस्यों ने समारोह में पहुंचे सभी अतिथियों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि भगवान श्री विश्वकर्मा जी का पावन दिवस हर वर्ष श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया जाता है।

जालंधर में दिवाली की रात घर में लगी आग, पैरालाइज मरीज की मौत, पटाखों की आवाज के कारण नहीं चला पता

जालंधर सिटी लाइव

जालंधर/जतिन : पंजाब के जालंधर में दिवाली की रात एक दर्दनाक हादसा हो गया। निजातम नगर की गली नंबर-6 में एक घर में अचानक आग लगने से पैरालाइज मरीज की झुलसकर मौत हो गई। मृतक की पहचान चन्ना ढोल वाला के रूप में हुई है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। अचानक आग लगने से घर



में धुआं फैल गया और आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया। हालांकि, तब तक घर का सारा सामान जलकर राख हो गया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार, चन्ना ढोल वाला पैरालाइज होने के कारण चलने-फिरने में असमर्थ थे। हादसे के समय वह घर के अंदर मौजूद थे। शारीरिक रूप से असमर्थ होने के कारण वह खुद को बचाने के लिए बाहर नहीं निकल सके और आग की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि हादसे के समय घर में उनकी बेटी और दामाद भी मौजूद थे, लेकिन वे बाहर गए हुए थे।

CMYK

09-11-2026_Layout 1 09-11-2026 23:53 Page 2

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के नूरमहल आश्रम में दीपावली का पावन पर्व अत्यंत हर्षोल्लास, श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ मनाया







जालंधर सिटी लाइव

नूरमहल। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के नूरमहल आश्रम में दीपावली का पावन पर्व अत्यंत हर्षोल्लास, श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आश्रम परिसर को दीपों एवं आकर्षक सजावट से भव्य रूप प्रदान किया गया। पूरा वातावरण उत्साह, उमंग और आध्यात्मिक उल्लास से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हुआ। कार्यक्रम का मंच संचालन तृपदा भारती जी द्वारा किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में दीपावली के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि दीपावली केवल बाहरी दीप जलाने का पर्व नहीं, बल्कि जीवन में ज्ञान, प्रकाश और सकारात्मकता को अपनाने का संदेश भी देती है। इसके पश्चात ब्रह्मज्ञान प्राप्त साधकों द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियां दी गईं। वहीं, कलिंदी भारती जी ने आधुनिक जीवन से जुड़े उदाहरणों के माध्यम से दीपावली के आध्यात्मिक संदेश को समझाया। उन्होंने बताया कि दीपावली केवल बाहरी जगमगाहट का पर्व नहीं है, बल्कि इसका वास्तविक उद्देश्य मनुष्य के अंतर्मन को ज्ञान के प्रकाश से आलोकित करना है। सच्ची दीपावली तो भीतर अज्ञान रूपी अंधकार को मिटाकर आत्मिक प्रकाश जगाने में निहित है। विशेष भजन क्लबसिंग प्रस्तुति पर श्रद्धालु भक्ति एवं उत्साह से झूम उठे और पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। भक्ति और आनंद का यह अनूठा संगम पूरे वातावरण को भक्तिमय बना गया। इस अवसर पर डॉ. सर्वेश्वर जी ने भारत के विभिन्न क्षेत्रों में दीपावली मनाने के पीछे की धार्मिक एवं सांस्कृतिक मान्यताओं को विस्तार से समझाया। उन्होंने उत्तर, दक्षिण, पूर्व एवं पश्चिम भारत में दीपावली से जुड़ी विभिन्न परंपराओं एवं उनके विशिष्ट कारणों पर प्रकाश डालते हुए इस पर्व की विविधता और सांस्कृतिक महत्ता को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण सुंदर एवं मनमोहक रंगोलियां रहीं, जिन्होंने आश्रम परिसर की शोभा को और भी बढ़ा दिया। रंगों और कलात्मकता से सजी इन रंगोलियों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया।



एमएलए दफ्तर से 200 मीटर दूर बिक रहा चिट्टा

नशेड़ी बोला-1 मिनट में आ जाएगा, दूसरा बोला-हैंड टू हैंड डिलीवरी लो

- 200 मीटर दूरी पर चिट्टा आसानी से उपलब्ध करवाने का किया दावा

लुधियाना में चिट्टे की बिक्री को लेकर चौंकाने वाली तस्वीर आई सामने

जालंधर सिटी लाइव

लुधियाना। लुधियाना में चिट्टे की बिक्री को लेकर चौंकाने वाली तस्वीर सामने आई है। पंजाब सरकार की ओर से नशे के खिलाफ युद्ध छेड़ने और पुलिस की ओर से लगातार कार्रवाई के दावों के बीच हलका पूर्वी में रूक दलजीत सिंह ग्रेवाल भोला के दफ्तर से महज 200 मीटर की दूरी पर गंदे नाले की पुली पर चिट्टा आसानी से उपलब्ध करवाने का दावा किया जा रहा है। यहां नशेड़ी खुलेआम घूमते हैं और ग्राहक को देखते ही चिट्टा दिलवाने की बात करने लगते हैं। चिट्टा बिकने की हकीकत जानने का प्रयास किया। इसमें एक नहीं, बल्कि दो लोग चिट्टा उपलब्ध करवाने के लिए सक्रिय नजर आए। एक युवक से चिट्टे के बारे में पूछा तो उसने पहले माल के बारे में जानकारी ली और फिर आधा ग्राम चिट्टा 600 रुपए में दिलवाने की बात कही। जब युवक से पूछा गया कि कितनी देर में मिल जाएगा तो उसने बिना किसी हिचकिचाहट के जवाब दिया कि एक मिनट में आ जाएगा। माल की शुद्धता को लेकर सवाल किया तो युवक ने बाहर से प्योर माल दिलवाने का दावा किया।



हैंड टू हैंड पैसे देकर माल लेने की बात कही


इसी दौरान वहां मौजूद एक अन्य युवक भी ग्राहक को चिट्टा दिलवाने के लिए आगे आ गया। जब उसने पूछा कि कितना माल लेना है और खुद ही माल दिलवाने की बात कही। दोनों के बीच ग्राहक को अपने जरिए चिट्टा दिलवाने को लेकर बातचीत होती रही। एक युवक ने कहा कि दूसरे की बात छोड़कर वह अपने कृष्णा चाचा से बढ़िया माल दिलवाएगा। वहीं दूसरे युवक ने हैंड टू हैंड पैसे देकर माल लेने की बात कही।

दिवाली की रात अमृतसर में युवक की हत्या, एएसआई भी घायल, सोने के लेन-देन को लेकर हुआ था झगड़ा

- दोनों ही पक्ष पीछे हटने को तैयार नहीं हुए, इससे विवाद बढ़ता चला गया

जालंधर सिटी लाइव

अमृतसर। अमृतसर में दिवाली की रात 2 गुटों में झे प हो गई। इस दौरान कुछ युवकों ने ताबे तो फायरिंग कर दी। जिसमें एक युवक की मौत हो गई। वहीं वहां मौजूद स्ढ के पैर में भी 2 गोलियां लगने से घायल हो गए। उन्हें तुरंत इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शुरूआती जांच में सामने आया कि सोने के लेन-देन के विवाद के बीच कई लोगों ने समझौता करवाने की कोशिश की, लेकिन सहमति नहीं बनी। दोनों ही पक्ष पीछे हटने को तैयार नहीं हुए। इससे विवाद बे ता गया। कुछ देर बाद मौके पर मौजूद युवकों ने गोलियां चलानी शुरू कर दीं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



सोने के लेन-देन को लेकर झगड़ा शुरू हुआ

जानकारी के मुताबिक, दोनों पक्षों के बीच सोने के लेन-देन को लेकर विवाद चल रहा था। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हो गई। अचानक हुई फायरिंग से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। इस फायरिंग में प्रताप सिंह नाम के युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जिस वक्त फायरिंग हुई, पुलिस थाना बी डिवीजन के एएसआई हरनेक सिंह भी मौके पर मौजूद थे। फायरिंग के दौरान उनके पैर में दो गोलियां लगीं। इसके बाद उन्हें गंभीर हालत में उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।

परविंदर झोटा की अस्थियां जमीन में दबाकर पौधा लगाया, पिता भीम सिंह बोले-रोज देखभाल करेंगे

एंटी-ड्रग एक्टिविस्ट झोटा की अंतिम अरदास 15 नवंबर को



जालंधर सिटी लाइव

मानसा। मानसा के एंटी-ड्रग एक्टिविस्ट परविंदर सिंह झोटा की अंतिम अरदास 15 नवंबर को होगी। इसके लिए ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री सूलीसर साहिब में धार्मिक समागम कराया जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर झोटा की अंतिम अरदास में शामिल हों और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करें। हालांकि इससे पहले झोटा की यादों में जिंदा रखने के लिए परिवार ने उनकी अस्थियों पर एक पौधा रोप दिया है। इस फलदार पौधे की जे में झोटा की अस्थियां दबाई गई हैं। झोटा के पिता भीम सिंह ने कहा कि इस पौधे की नियमित देखभाल की जाएगी। परिवार के मुताबिक मंगलवार को झोटा की अस्थियां चुनी जाएंगी। उसके बाद उन्हें जल प्रवाह करने पर फैसला लिया जाएगा। झोटा का 13 अक्टूबर को कत्ल के 26 दिन बाद शनिवार को PGI चंडीगे में पोस्टमॉर्टम हुआ था। कत्ल के 26 दिन बाद रविवार (8 नवंबर) को झोटा का मानसा में अंतिम संस्कार कर दिया गया। उनके दोनों बेटों, अंगदवीर और हरफतेह ने पिता को मुखाग्नि दी। इस दौरान दोनों बेटों ने पिता झोटा के अमर रहने के नारे लगाए। बेटों अंगदवीर और हरफतेह ने परविंदर सिंह झोटा अमर रहे' और 'परविंदर तेरी सोच ते पहरा देवांगे ठोक के' के जयकारे लगाए। दिवाली के बावजूद भारी संख्या में लोग परविंदर झोटा को अंतिम विदाई देने पहुंचे। झोटा के पिता भीम सिंह ने भी पांच नवंबर को शुरू की भूख हड़ताल खत्म कर दी है। भीम सिंह ने पांच सिंह साहिबान के आदेश का सम्मान करते हुए संस्कार के बाद पानी पीकर अपनी भूख हड़ताल समाप्त की। उन्होंने मानसा के स्क्क वैभव चौधरी को हटाने की मांग को लेकर अन्न त्याग दिया था। वहीं, पत्नी मनप्रीत कौर पूरा समय वाहेगुरू का जाप करती रहीं।

धरना खत्म, लेकिन परिवार के साथ है कमेटी

वहीं, इंसाफ कमेटी ने साफ किया कि भले ही धरना खत्म हो गया हो, लेकिन वह परिवार के साथ रहेगी। इंसाफ मोर्चा के सदस्य मानिक गोयल ने कहा कि जब तक मांगें पूरी नहीं होती, उनकी इंसाफ कमेटी एक्टिव रहेगी। CBI जांच पर नजर रखेगी। पिता भीम सिंह ने कहा- पंजाब सरकार की जड़ें हिल चुकी हैं। पूरे पंजाब में जहां-जहां 'ईमानदार सीएम' के बोर्ड लगे हैं, वहां ईमानदार हटाकर बेईमान लिख देना चाहिए।

पंजाबी युवाओं को सोशल मीडिया से फंसा रही आईएसएस डीजीपी बोले-80 गैंगस्टरों के खिलाफ जारी होंगे रेड कॉर्नर

- पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी पंजाब का माहौल बिगाड़ने की कोशिश कर रही

जालंधर सिटी लाइव

पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी ISI पंजाब का माहौल बिगाड़ने की कोशिश कर रही है। इसके हैंडलर पाकिस्तान के अलावा दुबई और बहरीन में बैठकर सोशल मीडिया के जरिए पंजाब के युवाओं को अपने जाल में फंसा रहे हैं। इन युवाओं का इस्तेमाल गलत कामों के लिए किया जा रहा है। वहीं, सीमा पार से ड्रोन के जरिए हेरोइन और हथियार भेजे जा रहे हैं। पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि ISI प्रॉक्सी वॉर के जरिए पंजाब को निशाना बना रही है। पुलिस की कोशिश विदेशों में बैठे गैंगस्टरों को वापस लाने की है। इस साल अब तक 25 गैंगस्टरों को विदेश से वापस लाया जा चुका है। पंजाब पुलिस अब तक 25 गैंगस्टरों को विदेश से वापस लाने में सफल रही है। इनमें 13 को डिपोर्ट करवाया गया, जबकि एक का प्रत्यर्पण कराया गया है। इनमें से 12 आरोपी पंजाब पुलिस की कस्टडी में हैं, जबकि दो को केंद्रीय एजेंसियों ने गिरफ्तार किया है। इसके अलावा 11 लोगों को विदेश में ही डिटेन करवाया गया है। अब तक 35 रेड कॉर्नर नोटिस, दो ब्लू कॉर्नर नोटिस, वहीं, 80 रेड कॉर्नर नोटिस जारी कराने की प्रक्रिया चल रही है।



पंजाब में अपराध दर हरियाणा से कम है

शहजाद भट्टी नेटवर्क के खिलाफ अहम भूमिका निभाने पर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पंजाब पुलिस की काउंटर इंटेलिजेंस के प्रयासों की सराहना की है। काउंटर इंटेलिजेंस को दक्षता अवार्ड से सम्मानित किया गया है। डीजीपी गौरव यादव ने दावा किया कि पंजाब की कानून-व्यवस्था पूरे देश में बेहतर है। 2024 की हृष्टत्रक्कक की रिपोर्ट के मुताबिक, पंजाब में अपराध दर 152.8 रही। हरियाणा में 368.4 और दिल्ली में 1025.8 दर्ज की गई।

कैंसर की दवाएं खरीदने वालों के लिए राहत, अब हर साल बचेंगे 3,540 करोड़ रुपये!

जालंधर सिटी लाइव

नई दिल्ली। कैंसर का इलाज करा रहे मरीजों के लिए राहत भरी खबर है। देश में कैंसर की 137 दवाओं की कीमतें आज यानी 9 नवंबर से कम हो गई हैं। दवा कंपनियों ने 121 दवाओं के कुल 1,364 फॉर्मूलेशन की नई कीमतें जारी कर दी हैं। इससे कैंसर के इलाज पर होने वाला खर्च कम होने की उम्मीद है।नई कीमतों के तहत 679 ब्रांड की दवाओं के दाम में 50 प्रतिशत से अधिक की कटौती की गई है। कुछ दवाओं की कीमतों में तो 96.45 प्रतिशत तक की कमी आई है। अनुमान है कि इस फैसले से कैंसर मरीजों और उनके परिवारों को हर साल करीब 3,540.38 करोड़ रुपये की बचत होगी। दरअसल, 22 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट ने कैंसर की दवाओं की रिटेलर कीमत (PTR) और अधिकतम खुदरा मूल्य (MRP) के बीच भारी अंतर को लेकर सवाल उठाए थे। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा था कि 2,700 रुपये की दवा मरीज को 27,000 रुपये में बेचना दिनदहाड़े डकैती और नरसंहार जैसा है। अदालत की इस सख्त टिप्पणी के बाद कैंसर की दवाओं की कीमतों को लेकर बहस तेज हो गई थी। अब कीमतों में हुई कटौती से कैंसर मरीजों को इलाज के खर्च में बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।



- 121 दवाओं के कुल 1,364 फॉर्मूलेशन की नई कीमतें जारी
- कैंसर के इलाज पर होने वाला खर्च कम होने की उम्मीद है

दिवाली के बाद पंजाब और चंडीगढ़ में हवा हुई बेहद खराब, मंडी गोबिंदगढ़ का AQI 399 पहुंचा, बारिश के आसार नहीं

जालंधर सिटी लाइव

चंडीगढ़। दिवाली के बाद पंजाब और चंडीगढ़ में प्रदूषण का स्तर तेजी से बढ़ गया है। पटाखों के धुएं और हवाओं की धीमी रफ्तार के चलते पंजाब के कई शहरों की हवा जहरीली हो गई है। चंडीगढ़ के मुकाबले पंजाब के कई शहरों में वायु गुणवत्ता की स्थिति ज्यादा खराब दर्ज की गई है। आंकड़ों के मुताबिक, मंडी गोबिंदगढ़ में एयर क्वालिटी इंडेक्स (AQI) 399 तक पहुंच गया, जबकि लुधियाना में AQI 300, वहीं, चंडीगढ़ में 129 रहा। मौसम की बात करें तो अगले चार दिनों तक पंजाब में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। वहीं, हरियाणा और चंडीगढ़ में अगले सात दिनों तक बारिश के आसार नहीं हैं। आज 9 नवंबर को पंजाब में मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। बारिश की कोई संभावना नहीं है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, राज्य के औसत अधिकतम तापमान में 0.2 डिग्री की मामूली गिरावट दर्ज की गई है। बठिंडा में सबसे अधिक 33.2 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। 12 नवंबर को पठानकोट, गुरदासपुर, अमृतसर, तरनतारन, कपूरथला, जालंधर और होशियारपुर में हल्की से बहुत हल्की बारिश होने का अनुमान है। इसके बाद एक बार फिर मौसम शुष्क रहने की संभावना है। इसके बाद 12 और 13 नवंबर को कुछ इलाकों में हल्की बारिश हो सकती है।



अगले 3 दिन सुबह और रात को छाएगा कोहरा

***मौसम** विभाग ने पंजाब में अगले तीन दिनों तक रात और सुबह के समय हल्की से मध्यम धुंध छाने की संभावना जताई है। वहीं, चंडीगढ़, मोहाली और पंचकूला में 9 से 13 नवंबर तक अधिकतम तापमान करीब 30 डिग्री और न्यूनतम तापमान 14 से 16 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है।*

09-11-2026_Layout 1 09-11-2026 23:53 Page 3

बुड़ैल जेल में बनेंगे हाई-सिक्योरिटी बैरक, मोबाइल रखने पर 5 साल तक की सजा, जुर्माना भी

- हाई-रिस्क अपराधियों को सामान्य कैदियों के साथ नहीं रखा जाएगा
- शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के आधार पर 8 श्रेणियों में बंटेंगे कैदी

जालंधर सिटी लाइव



चंडीगढ़। चंडीगढ़ की बुड़ैल जेल में अब गैंगस्टरों, कट्टरपंथियों और हाई-रिस्क अपराधियों को सामान्य कैदियों के साथ नहीं रखा जाएगा। नए जेल एक्ट के तहत ऐसे बंदियों के लिए अलग हाई-सिक्योरिटी बैरक और जोन बनाए जाएंगे।

बंदियों को उनकी उम्र, लिंग, सजा की अवधि, आपराधिक इतिहास और शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के आधार पर 8 कैटेगरी में बांटा जाएगा। इनमें हाई, मीडियम और लो-रिस्क श्रेणियां शामिल होंगी। इसका मकसद गैंगस्टरों को सामान्य बंदियों को प्रभावित करने और जेल के भीतर आपराधिक नेटवर्क चलाने से रोकना है। पंजाब के बाद अब चंडीगढ़ की जेलों में भी ब्रिटिशकाल के 132 साल पुराने द प्रिजंस एक्ट 1894 और 126 साल पुराने द प्रिजनर्स एक्ट 1900 को खत्म कर दिया गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय (एमएचए) ने पंजाब पुनर्गठन अधिनियम, 1966 की धारा 87 के तहत शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए पंजाब प्रिजन एंड करेक्शनल सर्विसेस एक्ट 2026 को जरूरी स्थानीय बदलावों के साथ चंडीगढ़ के लिए नोटिफाई कर दिया है। जेलों को आधुनिक, सुरक्षित और सुधार केंद्रों के रूप में विकसित करने पर जोर दिया गया है। नए एक्ट में कैदियों के स्थानांतरण को लेकर भी बड़ा बदलाव किया गया है। अब राज्य सरकार की सहमति से चंडीगढ़ की जेलों में बंद कैदियों और अंडरट्रायल को भेजा जा सकेगा। दूसरे राज्यों की जेलों से कैदियों को चंडीगढ़ भी लाया जा सकेगा। इससे जेलों में बंदियों की संख्या और सुरक्षा जरूरतों के हिसाब से उनका प्रबंधन किया जा सकेगा। जेल परिसर और उसकी बाहरी सीमा के 500 मीटर के दायरे को नो-फ्लाई जोन घोषित किया गया है। जेलों की सुरक्षा के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), 360 डिग्री फुल बॉडी स्कैनर जैसी आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल किया जाएगा। जेलों के भीतर से आपराधिक गतिविधियां और गैंग चलाने वाले नेटवर्क खत्म करने के लिए रिसर्च एनालिसिस एंड इंटेलिजेंस विंग भी काम करेगी।

नए कानून में जेल के अंदर मोबाइल और दूसरे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के इस्तेमाल पर सख्ती बढ़ाई गई है। बंदी से मोबाइल, सिम कार्ड, चार्जर, मेमोरी कार्ड या वायरलेस उपकरण इस्तेमाल करते पकड़े जाने पर कार्रवाई होगी। पहली बार 1 से 3 साल तक कैद और 1 लाख तक, दूसरी बार 3 से 5 साल तक कैद और 5 लाख तक जुर्माना हो सकता है। अतिरिक्त सजा पहले से चल रही सजा पूरी होने के बाद शुरू होगी।

हरियाणा से मुजफ्फरनगर जा रहे 6 लोगों की कार में जिंदा जलकर मौत

हरियाणा के जींद से उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जा रहे एक महिला समेत 6 लोग भयानक हादसे का शिकार हो गए



जालंधर सिटी लाइव

हांसी। हरियाणा के हांसी जिले के गांव राखीगढ़ी से हरिद्वार गंगा स्नान के लिए जा रहे छह युवकों की भीषण सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही राखीगढ़ी सहित आसपास के गांवों में शोक की लहर दौड़ गई। सभी युवक आपस में दोस्त थे और सोमवती अमावस्या के अवसर पर हरिद्वार में स्नान करने के लिए निकले थे। जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह मुजफ्फरनगर हाईवे पर तेज रफ्तार ऑरा कार अचानक अनियंत्रित होकर पहले बिजली के खंभे से टकरा गई। इसके बाद कार डिवाइडर तोड़ते हुए दूसरी लेन में जा पलटी। हादसा इतना भीषण था कि बिजली के खंभे के दो टुकड़े हो गए और डिवाइडर का करीब 10 मीटर हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। कार में सवार सभी छह युवकों की हादसे में जान चली गई। हादसे में युवक जिंदा जल गए। मृतकों की पहचान राखीगढ़ी निवासी साहिल (20), अमन (21), अंकित (21), राहुल (23) सहित अन्य दो युवकों के रूप में बताई गई है। साहिल पुत्र सोमकुमार ड्राइविंग का काम करता था। अमन पुत्र रामफल और अजय पुत्र शमशेर मोठ लुहारी गांव के रहने वाले थे और पढ़ाई कर रहे थे। अंकित पुत्र राजेश भी पढ़ाई करता था। अंकित और राहुल सगे भाई बताए गए हैं। वहीं, अंकित पुत्र समुंदर राखीगढ़ी में एसी-फ्रिज रिपेयरिंग का काम करता था, जबकि राहुल गैस बिल्डिंग में मिस्त्री का काम करता था। सभी दोस्त धार्मिक यात्रा पर हरिद्वार जा रहे थे, लेकिन रास्ते में हुए इस दर्दनाक हादसे ने छह परिवारों की खुशियां छीन लीं। हादसे की खबर गांव पहुंचते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। एक साथ छह युवकों की मौत से क्षेत्र में शोक का माहौल है।

लुधियाना में 24 घंटे में आग की 68 घटनाओं से मचा हड़कंप, कबाड़ के गोदाम और फैक्ट्रियां भी चपेट में

जालंधर सिटी लाइव



लुधियाना, (ब्यूरो)। औद्योगिक नगरी लुधियाना में दिवाली के दौरान आग लगने की घटनाओं ने दमकल विभाग की मुश्किलें बढ़ा दीं। शहर में 8 और 9 नवंबर के बीच महज 24 घंटों में आग लगने की कुल 68 घटनाएं सामने आईं। इन घटनाओं में रिहायशी इलाकों, फैक्ट्रियों, दुकानों, कबाड़ के गोदामों और खाली प्लॉटों में आग लगने के मामले शामिल हैं। दमकल विभाग के आंकड़ों के अनुसार, 22 घटनाएं कबाड़ के गोदामों, खाली प्लॉटों और कूड़ा डंपिंग स्थलों पर हुईं, जबकि छह आग की घटनाएं फैक्ट्रियों में सामने आईं। इसके अलावा 13 घटनाएं रिहायशी इमारतों में दर्ज की गईं। कई स्थानों पर बिजली के शॉर्ट सर्किट और तारों में खराबी को आग लगने की संभावित वजह माना जा रहा है। शहीद भगत सिंह नगर स्थित सिटी सेंटर में पुराने कूड़ा डंपिंग स्थल पर लगी आग ने आसपास के लोगों को परेशान कर दिया। यहां करीब पांच से छह घंटे तक आग जलती रही और धुएं की मोटी परत आसपास के रिहायशी इलाकों में फैल गई। स्थानीय निवासियों ने सांस संबंधी बीमारियों से पीड़ित लोगों को हो रही परेशानी पर चिंता जताई और संबंधित अधिकारियों से डंपिंग स्थल की सफाई करवाने की मांग की।

32 दमकल गाड़ियां और 120 कर्मचारी तैनात

दिवाली के मद्देनजर दमकल विभाग ने पहले ही शहर में तीन अस्थायी फायर स्टेशन बनाए थे। इसके अलावा छह स्थायी फायर स्टेशन भी कार्यरत रहे। आपात स्थिति से निपटने के लिए 32 दमकल गाड़ियों और करीब 120 कर्मचारियों को तैनात किया गया था। लगातार हो रही आग की घटनाओं ने शहर में कबाड़ के गोदामों, कूड़े के ढेरों और औद्योगिक इकाइयों में अग्नि सुरक्षा इंतजामों की जांच की जरूरत को फिर उजागर कर दिया है।

10 महीने की अंतरराष्ट्रीय तलाश के बाद इथियोपिया से पकड़ा गया पंजाब का गैंगस्टर अफरीदी

35 आपराधिक मामलों में वांछित, पांच हत्याओं के मामलों में भी पुलिस को थी तलाश; सिर पर था 5 लाख रुपये का इनाम

जालंधर सिटी लाइव



चंडीगढ़। पंजाब में गैंगस्टरों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पंजाब पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने 10 महीने तक चली अंतरराष्ट्रीय तलाश के बाद गैंगस्टर गुरविंदर सिंह उर्फ अफरीदी को इथियोपिया से भारत वापस लाने में सफलता हासिल की है। उसे 8 नवंबर को दिल्ली एयरपोर्ट पर पंजाब पुलिस की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (AGTF) ने हिरासत में लिया। पंजाब पुलिस के डीजीपी गौरव यादव के अनुसार अफरीदी डोनी बाल-प्रभ दासूवाल गैंग का प्रमुख सदस्य है और उसके खिलाफ पंजाब में 35 आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें पांच हत्या के मामले, हत्या के प्रयास, फिरौती और आर्म्स एक्ट से जुड़े मामले शामिल हैं। पंजाब सरकार की ओर से उसकी गिरफ्तारी में मदद करने वाली सूचना देने पर 5 लाख रुपये का इनाम भी घोषित किया गया था। पुलिस के मुताबिक आरोपी विदेश में बैठकर पंजाब में टारगेट किलिंग, फिरौती के लिए गोलीबारी और अन्य आपराधिक गतिविधियों को कथित तौर पर अंजाम दिलवा रहा था। उसे पकड़ने के लिए चलाए गए अभियान को 'ऑपरेशन शाहिद' नाम दिया गया था। जांच एजेंसियों के अनुसार आरोपी मार्च 2025 में कथित तौर पर फर्जी पासपोर्ट के सहारे भारत से संयुक्त अरब अमीरात (UAE) भाग गया था। इसके बाद वह अलग-अलग देशों में अपनी पहचान छिपाकर रहा। पुलिस ने इंटरपोल और केंद्रीय एजेंसियों की मदद से उसकी गतिविधियों पर नजर रखी। आखिरकार 6 नवंबर को उसे इथियोपिया में हिरासत में लिया गया। पुलिस को अफरीदी की पांच हत्याओं के मामलों में तलाश थी, जिनमें सरपंच राजविंदर सिंह उर्फ राज तलवंडी, 12 वर्षीय गुरसेवक सिंह, विक्की चुग, जसवंत सिंह और कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष गुरमेल सिंह की हत्याएं शामिल हैं। पंजाब पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर उसके कथित विदेशी नेटवर्क, गैंग के अन्य सदस्यों और आपराधिक गतिविधियों से जुड़े पहलुओं की जांच करेगी। फोटो सुझाव- गैंगस्टर गुरविंदर सिंह उर्फ अफरीदी को दिल्ली एयरपोर्ट पर हिरासत में लेते पंजाब पुलिस के अधिकारियों की तस्वीर।

पुलिसकर्मी को पटाखे चलाने से रोकना पड़ा महंगा, युवकों की मारपीट में मौत

- रविवार रात ड्यूटी करने के बाद सादे कपड़ों में अपने घर लौट रहे थे
- सड़क पर पटाखे चलाने से रोका तो मोबाइल में कैद की यह हरकत

तमिलनाडु के थेनी जिले में एक दरोगा की उपचार के दौरान गई जान

जालंधर सिटी लाइव



तमिलनाडु के थेनी जिले में सड़क पर पटाखे चलाने से रोकने पर युवकों ने एक दरोगा के साथ मारपीट कर दी। इस घटना में गंभीर रूप से घायल दरोगा की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना रविवार रात की बताई जा रही है। मृतक की पहचान सेंथिल कुमार के रूप में हुई है। साउथ जोन के आईजी विजयेंद्र बिदारी ने बताया कि दरोगा रविवार रात ड्यूटी पूरी करने के बाद सादे कपड़ों में अपने घर लौट रहे थे। रास्ते में चलते उन्होंने युवकों को सड़क पर पटाखे चलाने से रोका।

जमीन पर गिरने से बिगड़ी हालत, अस्पताल में तोड़ा दम

***सड़क** पर पटाखे चलाने से राहगीरों और आसपास के लोगों को परेशानी होती है। बताया जा रहा है कि दरोगा के समझाने के बावजूद युवक नहीं माने। दरोगा ने यह सुनते ही युवकों की हरकत को अपने मोबाइल फोन में रिकॉर्ड करना शुरू कर दिया। तभी किसी अज्ञात व्यक्ति ने उन पर हमला कर दिया। हमले के कारण दरोगा का संतुलन बिगड़ गया और वह जमीन पर गिर पड़े। इसके बाद उन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।*

पंजाब में चुनाव की तैयारियां तेज़, जनवरी में हो सकता है तारीखों का ऐलान, 16 मार्च 2027 तक सरकार का कार्यकाल

जालंधर सिटी लाइव



- 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज
- चुनाव आयोग ने भी चुनावी तैयारियों को लेकर गतिविधियां बढ़ाईं

पंजाब में 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज होने लगी हैं। चुनाव आयोग ने भी चुनावी तैयारियों को लेकर अपनी गतिविधियां बढ़ा दी हैं। जानकारी के मुताबिक, मुख्य चुनाव आयुक्त (CEC) नवंबर के आखिरी सप्ताह तक पंजाब का दौरा कर सकते हैं। इस दौरान चुनावी तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्था समेत विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की जाएगी। दिसंबर के आखिरी सप्ताह तक पांच चुनावी राज्यों की समीक्षा करने के बाद चुनाव आयोग जनवरी 2027 के पहले सप्ताह में पंजाब समेत अन्य राज्यों के विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कर सकता है। जानकारी के अनुसार, ऐसे में पंजाब में फरवरी के आखिरी सप्ताह या मार्च के शुरुआती दिनों में मतदान होने की संभावना जताई जा रही है। पंजाब में मौजूदा सरकार और मुख्यमंत्री का कार्यकाल 16 मार्च 2027 तक है। ऐसे में चुनाव आयोग को इस तारीख से पहले पूरी चुनावी प्रक्रिया संपन्न करवानी होगी। चुनाव की तैयारियों के लिहाज से आयोग की गतिविधियां आने वाले दिनों में और तेज हो सकती हैं। अगर 2022 के विधानसभा चुनाव के घटनाक्रम पर नजर डालें तो उस समय चुनाव आयोग की टीम ने 15 और 16 दिसंबर 2021 को पंजाब का दौरा किया था।

वरिष्ठ अधिकारियों की टीमें कर चुकी हैं दौरा

मुख्य चुनाव आयुक्त के प्रस्तावित दौरे से पहले चुनाव आयोग के वरिष्ठ अधिकारियों की टीमें 27 और 28 अक्टूबर को पंजाब का दौरा कर चुकी हैं। इन टीमों ने राज्य में चुनावी तैयारियों का जायजा लेने के बाद अपनी रिपोर्ट चुनाव आयुक्त को सौंप दी है। अब नवंबर के अंत में मुख्य चुनाव आयुक्त के संभावित दौरे को 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों के लिहाज से अहम माना जा रहा है।

जिला पुलिस ने 2 लोगों के खिलाफ पराली को आग लगाने के दर्ज किए मामले

फिरोजपुर। जिला पुलिस ने बीते दिन प्रशासन व सरकार के आदेशों की उल्लंघना करके धान की कटाई के पश्चात पराली को आग लगाने वाले 2 लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं तहत पंजाब प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड से प्राप्त सूचनाओं के अधार पर थाना ममदोट एवं थाना मल्लांवाला में मामलें दर्ज किए है। जानकारी देते हुए एएसआई कुलवंत सिंह व सुखबीर सिंह ने बताया कि उन्हें बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान पंजाब प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड से सूचना प्राप्त हुई थी कि सरकारी आदेशों की उल्लंघना करते हुए गांव दुलचीके और गांव रहीमेके में कुछ लोगों ने खेतों में धान कटाई के पश्चात बचने वाली पराली को आग लगाई है। जिसके चलते उक्त लोगों पर कार्रवाई की जाए। मामलों की जांच कर रहे कुलवंत सिंह व सुखबीर सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलों में अज्ञात लोगों पर मामलें दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।







09-11-2026_Layout 1 09-11-2026 23:53 Page 4

St. Soldier
GROUP OF INSTITUTIONS
SINCE 1958
EDUCATION | DISCIPLINE | EXCELLENCE
64 YEARS OF EXCELLENCE
More Than Just Education...
2000+ Merit Positions in 10th, 12th, Graduation & Professional Courses
➤ FREE BUS SERVICE FOR ALL COLLEGE STUDENTS FOR ALL ROUTES
➤ FREE SPORTS & GYM FACILITIES ◄
CANADIAN PATHWAY PROGRAMS

ENGINEERING (B.Tech - M.Tech*)
• Mechanical Engg. • Electrical Engg. • Civil Engg.
• Computer Science Engg. • Electronics & Communication Engg.
• Tool Engg. (Automobile Engg.)

HOTEL MANAGEMENT
• B.Sc. Hotel & Hospitality Administration • M.Sc. Hotel Management • Bachelor of Hotel Management & Catering Technology • ITI (Certificate in Food Production, Front Office, Bakery, F&B)

PARAMEDICAL / PHARMACY PHYSIOTHERAPY
• D. Pharmacy • B. Pharmacy • B.Sc. Medical Lab Science
• D. Pharmacy • Diploma in M.L.T. • M.Sc. M.L.T.
• B.Sc. Nursing • B.Sc. Operation Theatre Technology
• B.Sc. Radiology • Imaging Technology • B.Sc. Cardiac Care
• B.Sc. Optometry

LAW
• B.A.LL.B. (5 Years) • LL.B. (3 Years)
• B.Com LL.B. (5 Years) • LL.M.

POLYTECHNIC DIPLOMA
• Mechanical • Civil • Electrical • Computer Engg.
• Automobile • Electronics & Communication

MANAGEMENT & COMMERCE
• B.B.A. • B.Com • B.Com (Hons.) • M.Com
• M.B.A. • Diploma in Business Management

DEGREE COURSES
• B.A. • B.Com. • B.C.A. • B.Sc. • B.Sc. (IT)

MEDIA & FASHION
• B.A. (Media & Communication) • B.Sc. Fashion Designing

INFORMATION TECHNOLOGY
• MCA • B.C.A. • B.Sc. (IT) • PGDCA

NURSING TRAINING
• General Nursing & Midwifery (GNM)

ADMISSION OPEN

ARCHITECTURE
• B. Architecture • B.Sc. Interior Designing • B.Voc Interior Designing

TEACHER / PHYSICAL EDUCATION
• BPES • B.P.Ed. • D.P.Ed. • M.P.Ed.

INDUSTRIAL TRAINING INSTITUTE
• Electrician • COPA • Welder • Carpenter • Plumber • Vehicle Motor Mechanic • Architecture Draughtsman • Diesel Mechanic • Refrigeration & A.C.

/stsoldiergroup | www.stsoldiergroup.com
LATERAL ENTRY ADMISSION INTO SECOND YEAR AVAILABLE
NOW ANIMATION AND SOCIAL MEDIA COURSES AVAILABLE
ORP. OFFICE : 680-4 MODEL TOWN, JALANDHAR
9814003681 | 9814003652 | 9814343025 | 9914464565





